


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 208 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 12 मई 2024 | मूल्य 2 रुपया

# कांग्रेस प्रत्याशी ही भाजपा का स्लीपर सेल तो नहीं..!

**मंदसौर, 11 मई गुरु एक्सप्रेस।** कांग्रेस में भाजपा के स्लीपर सेल होने का लोकसभा चुनाव में पहला प्रमाण



अहमदाबाद से निकला था, फिर सूरत, पुरी और इंदौर के कांग्रेसी प्रत्याशियों ने मैदान छोड़कर भाजपा को निहाल किया और कांग्रेस को दिवालिया। कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी खुद स्वीकार कर चुके हैं कि उनके दल में उनके करीबी ही भाजपा के स्लीपर सेल मौजूद है।

इसका एक उदाहरण केंद्रीय कार्यालय प्रभारी जयराम रमेश ने भी पेश किया था। राहुल गांधी की दूसरी भारत जोड़ो यात्रा के समय उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत जज पाटिल साहब ने दक्षिण की यात्रा में हिस्सा लिया था और पैदल ही चले थे। दूसरी यात्रा में पाटिल साहब फिर से पंजाब में राहुल के कहने पर साथ में यात्रा करना चाहते थे। हुआ यह था कि पाटिल साहब सुबह सात बजे कैंप में पहुंच गए और जयराम रमेश को बता दिया था कि उन्हें राहुल के साथ यात्रा पर निकलना है। पाटिल साहब बैठे रहे, इधर राहुल यात्रा पर निकलने को तैयार होकर आ गए। जयराम रमेश ने सीधे निकालने की बात कही। तब राहुल ने पाटिल साहब की उपस्थिति के बारे में पूछा भी तो जयराम रमेश ने यह कह कर कि बूढ़े आदमी है, चल नहीं पाएंगे इसलिए नहीं आए होंगे! यह संयोग था कि वही उपस्थित समूह में किसी ने कहा कि पाटिल साहब सुबह से आकर बैठे इंतजार कर रहे हैं। तब उन्हें अंदर बुलाया गया। पाटिल साहब ने राहुल के सामने सीधे जयराम से कहा कि मैं सबसे पहले आकर तुम्हें बता चुका था, फिर तुमने इन्हें बताया नहीं, जवाब राहुल गांधी ने दिया कि पाटिल साहब अब तो आप समझ गए होंगे कि मैं सिर्फ भाजपा से ही नहीं लड़ रहा हूं, अपनों से भी लड़ना पड़ रहा है। उक्त प्रसंग इसलिए उदाहरण बना की जावरा नीमच में भी ऐसा लग रहा है जैसे कांग्रेस प्रत्याशी चुनाव लड़ना तो चाहता था पर लड़ाई बिल्कुल नहीं करना चाहता है। नतीजा यह निकल रहा है कि सामाजिक मतों के आंकड़ों का गणित कांग्रेस के पक्ष में होने और शुरुआती रिस्पांस मिलने के बाद भी प्रत्याशी और संगठन के कर्ताधर्ता में चुनाव जीतना तो दूर लड़ने का जज्बा भी नजर नहीं आ रहा है।

बानगी देखिए सामान्य सा अंक गणित है कि क्षेत्रीय मतों में पिछड़े वर्ग का मत लगभग 10 लाख है। ढाई लाख से अधिक गुर्जर गायरी धनगर और साढ़े तीन लाख के करीब अल्पसंख्यक, डेढ़ लाख करीब जनजाति मत है। पिछड़ों के अधिकांश मत पर कांग्रेस प्रत्याशी को पिछड़े वर्ग का होने के कारण लाभ मिल सकता था। इसके तन मन से प्रयास करना थे। ऐसा ही अन्य सभी वर्ग के साथ प्रयास करना था, पर किया नहीं जा रहा है ! क्यों यह सब संगठन के पदाधिकारी भी सोचने लगे हैं। क्योंकि प्रत्याशी किसी कार्यकर्ता, पदाधिकारी से चर्चा ही नहीं करता है, सिवाय उस गैंग के सदस्यों से, जिन्होंने पहले दिन से ही डरा कर ऐसा घेरा कि प्रत्याशी सहित कांग्रेस संगठन की सारी चुनावी गतिविधियों को ही हाईजैक कर लिया है। फिर समाजों के प्रतिष्ठित नागरिकों से न मिलने दिया ना ही मिलवाया गया। खुद कांग्रेस संगठन क्षेत्र के वे क्षेत्रीय कार्यकर्ता जो कांग्रेस को मत दिला सकते थे, उनसे भी मिलने नहीं दिया ना खुद मिलवाया।

जब सारे देश में राजपूतों के विरोध ने भाजपा को चिंता में डाल रखा है, पर मंदसौर में जैसे रूपाला के बयान का कोई असर ही राजपूत समाज पर नहीं हो पाया है ! इतने सतही गंभीर कारण ही यह सोचने को मजबूर करते हैं कि कांग्रेस संगठन और प्रत्याशी इन्हें भुनाकर चुनाव जीतने का प्रयास करने की बजाय नजरअंदाज कर भाजपा प्रत्याशी के सामने भाजपा की स्लीपर सेल की तरह भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता को ससम्मान विजय भेंट क्यों करना चाह रहे हैं !

# आनलाइन जुए की जद में युवा



## कर्जे में डूबकर बर्बाद हो रहा भविष्य

**मंदसौर, 11 मई गुरु एक्सप्रेस।** जुआ और सट्टे पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। लेकिन, बीते कुछ सालों में आनलाइन गेमिंग का कारोबार बड़ा आकार ले चुका है। आनलाइन गेम बनाने वाले सट्टा कारोबारी मोबाइल एप के जरिए लोगों तक गेम पहुंचा रहे हैं, जिसे जीतने पर गिफ्ट या नकद धनराशि देने का आफर दिया जा रहा है। इतना ही नहीं, इंटरनेट मीडिया पर खुलेआम इसके विज्ञापन का प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। इसमें कई सेलिब्रिटीज को शामिल किया गया है। आनलाइन खेले जाने वाले इस जुए के खेल में सबसे ज्यादा संलिप्तता युवाओं की है। जो आनलाइन गेम के चक्कर में फंसकर समय और पैसा दोनों गंवा रहे हैं। साथ ही कर्जे में डूब रहे हैं। आनलाइन गेमिंग में सबसे ज्यादा रमी सर्कल, पोकर, एविलेटर जैसे कई गेम खेल रहे हैं।

### 10 रुपये से लेकर एक लाख रुपये तक का लगा रहे जुआ...

कालेज स्टूडेंटस हो या अन्य युवा इन खेलों में पैसा फूंक रहे हैं। स्थिति यह है कि युवतियां तक गिरफ्त में आ रही हैं। खेल के पहले चरण में 10 रुपये से लेकर 10 हजार रुपये तक दांव लगा सकते हैं। दूसरे चरण में एक लाख तक का गेम खेल सकते हैं, लेकिन इसमें पाइंट मिलने के बाद भी जीतने की संभावना नहीं रहती। इसके बाद भी स्कूल, कालेज के युवा के अलावा उम्र दराज लोग भी इन खेलों की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं।

### ऐसे लग रही गेम की लत...

आनलाइन गेम के जरिए जुआ खेलने का धंधा घरों तक पहुंच गया है। साइबर विशेषज्ञों की माने तो फेसबुक पर आजकल बहुत सारे गेम्स आ रहे हैं। इन गेम्स को कसीनो गेम्स कहा जाता है। सबसे बड़ी दिक्कत यह होती है कि लोगों को इसकी लत लग जाती है, क्योंकि यह मल्टीप्लेयर गेम होते हैं। पाइंट इसमें लोगों को मिलते हैं, हमेशा से यह रहा है कि जो भी गेम मल्टीप्लेयर रहा है। उसमें रियल टाइम यूजर होते हैं। मल्टीप्लेयर होते हैं। वे बहुत ही पापुलर होते हैं। इन गेम्स में भी कुछ ऐसा ही है। लत लगने के कारण पाइंट हारने पर युवा फिर पैसे खर्च कर पाइंट खरीदने को विवश हो जाता है।

### शहर के बाद अब गांवों में ऑनलाइन गेम का प्रचलन बढ़ा...

थोड़े समय में ज्यादा पैसे कमाने का लालच अब शहरी के बाद ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में बढ़ रहा है। इसमें युवा अपना समय व धन बर्बाद करता जा रहा है। कस्बे सहित गांवों में ऑनलाइन गेम का जुनून इस कद्र छाया है कि युवा करोड़पति बनने के सपने देख रहे है और मोबाइल पर ऑनलाइन गेम में टीम बनाकर समय और पैसा बर्बाद कर रहा है।

## ऑनलाईन गेम के चक्कर में बने हत्यारे...

# कर्जा उतारने के लिए बच्चे का अपहरण कर की थी हत्या..!

## दोनों आरोपियों को आजीवन कारावास

**मंदसौर, 11 मई गुरु एक्सप्रेस।** ऑन लाईन गेम के चक्कर में फंसकर दो युवा अपराध के दलदल में फंस गए थे। कर्जे में डूबने के बाद चचेरे भाईयों ने एक बच्चे का अपहरण किया। उसके बाद उसे मौत के घाट उतार दिया। लगभग एक साल पहले के इस मामले में कोर्ट ने दोनों आरोपियों शुभम पिता लालचंद्र प्रजापत उम्र 23 वर्ष निवासी बालागंज मोहल्ला तहसील सुवासरा एवं अजय पिता श्रवण प्रजापत उम्र 21 वर्ष, निवासी गायत्री मंदिर के सामने, तहसील-सुवासरा, जिला मन्दसौर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा ने बताया कि 8 फरवरी 2023 को दस वर्षीय विदेश अपने स्कूल शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर मावि के लिए 11 बजे निकला। इसके बाद घर नहीं लौटा। परिजनों ने दोस्तों, रिश्तेदारों सहित अन्य जगहों पर तलाश की। इसके बाद सुवासरा थाने में सूचना दी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरु की। 10 फरवरी 2023 को गणेश मगरा रोड पर पोल्ट्री फार्म के पास एक संदिग्ध प्लास्टिक का कट्टा पड़ा मिला। जिस पर मधुमक्खियां भिनभिना रही थी। इसमें से एक हाथ बाहर आ रहा था। पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद शव विदेश का निकला। इस मामले में जांच पड़ताल की गई तो पता चला कि विदेश के पिता बद्रीलाल के पास मोबाइल पर काल आया था और 5 लाख रुपए की मांग की गई थी। साइबर सेल से काल डिटेल निकलवाकर अनुसंधान किए जाने पर मोबाइल नंबर 9111498127 से फरियादी को काल आना, वह मोबाइल बंद आना और यह मोबाइल नंबर बापूलाल निवासी टोकडा का होना पाया गया। फरियादी के साथ ईट भट्टेपर काम करने वाले उक्त बापूलाल से पूछताछ करने पर उसने बताया कि ईट भटटे के मालिक अभियुक्त शुभम को सिम की जरूरत होने सिम मांगी थी और न देने पर मोबाइल से सिम निकाल ली। काल डिटेल एवं नेटवर्क संबंधी अनुसंधान किए जाने पर मोबाइल नंबर 9111498127 पहले बापूलाल के मोबाइल में ओर फिर अभियुक्त शुभम के मोबाइल में उपयोग किया जाना पाया गया। अनुसंधान केदौरान अभियुक्त शुभम को गिरफ्तार कर पूछताछ किए जाने पर उसने बताया कि आनलाइन गेम खेलने से उस पर 7-8 लाख का कर्जा हो गया था और उसने अपने चचेरे भाई अभियुक्त अजय को एक लाख रुपए का लालच देकर विदेश का अपहरण कर फिरौती मांगने की योजना बनाई थी।क्योंकि फरियादी बद्रीलाल की जमीन हाइवे पर आ जाने से मंहगी हो गयी थी और इस योजना को कार्यरूप देते हुए अभियुक्तगण ने विदेश का अपहरण कर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी और शव पोल्टी फार्म के पास गणेश मगरा रोड किनारे फैंक दिया। अभियुक्त अजय को गिरफ्तार कर उसका मेमारेंडम कथन दर्ज कर मृतक का स्कूल बेग एवं किताबें जप्त की गई। मामले में जप्तशुदा सामग्री एफ.एस.एल. भेजकर जांच रिपोटर्स प्राप्त की गई एवं विवेचना पूर्ण कर अभियुक्तो के विरूद्ध अभियोग पत्र उपरोक्त धाराओं के अन्तर्गत न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कप्तान द्वारा उक्त प्रकरण को चिन्हित प्रकरण की श्रेणी में लिया गया। प्रकरण में विचारण के दौरान न्यायालय के समक्ष विशेष लोक अभियोजक द्वारा रखे गये तथ्यो व तर्को से सहमत होकर साक्ष्य के आधार पर न्यायालय द्वारा आरोपी को दोषसिद्ध किया। प्रकरण में अभियोजन का संचालन विशेष लोक अभियोजक श्रीमती डॉली बैरागी द्वारा किया गया।

# लापता युवक का शव मिला, परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया

**किया थाने के सामने चक्काजाम, एसडीओपी का कहना पीएम रिपोर्ट आने के बाद होगी स्थिति स्पष्ट**



**पिपलियामंडी, 11 मई गुरु एक्सप्रेस।** गांव जान्याखेड़ी से 2 दिन पूर्व लापता युवक की लाश शनिवार को सोमिया डेम के पास मिली। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाकर पुलिस थाने के सामने जाम लगा दिया। परिजनों का आरोप था कि युवक के शरीर पर एसिट डाल रखा था, वहीं शरीर के अन्य हिस्सों व प्राइवेट पार्ट पर भी चोंट के निशान है। पुलिस द्वारा निष्पक्ष जांच के आश्वासन के बाद जाम को खोला गया। जानकारी के अनुसार 8 मई 2024 को गांव जान्याखेड़ी निवासी रामचन्द्र (22) पिता केलाश बागरी घर से लापता था, युवक का शव शनिवार को प्रात: सोमिया डेम के पास मिला। सूचना पर पुलिस पहुंची। इधर लाश मिलने के बाद आक्रोशित परिजन व ग्रामीण सुबह 9 बजे नारायणगढ़ पुलिस थाने पहुंचे व थाने के सामने सड़क पर जाम लगा दिया। परिजनों का आरोप था कि रामचन्द्र को एक लड़की के रिश्तेदारों ने मध्यस्त कर अमरपुरा (मल्हारगढ) गांव में बुलाया था। रामचन्द्र बाइक से गया था, उसके बाद वह वापस नही आया। हमने नारायणगढ़ पुलिस थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। परिजनों व ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि रामचन्द्र की अमरपुरा में हत्या के बाद शव यहां पर लाकर फेंका गया था। उसके शरीर पर एसिट डाल रखा था, शरीर पर चोंट के निशान से प्राइवेट पार्ट पर भी चोंट पहुंचा रखी है। सुबह 9 बजे करीब थाने के सामने विरोध प्रदर्शन में महिलाएं भी शामिल रही।

**पीएम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी:-** एसडीओपी नरेन्द्र सोलंकी ने बताया अभी स्पष्टनही है कि युवक की मौत कैसे हुई। शव को कुत्तों ने नोच रखा था। युवक के परिजनों ने युवती के परिजनों पर हत्या का आरोप लगाया है, अमरपुरा में युवक की भी रिश्तेदारी की बात सामने आई है। पुलिस जांच कर रही है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्टहोगी।

## देशी कट्टा मय कारतूस के आरोपी गिरफ्तार

**पिपलियामंडी, 11 मई गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने एक देशी कट्टा मय जिन्दा कारतूस साथ युवक को गिरफ्तार किया। नारायणगढ़ पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तुरकिया निवासी रतनसिंह (40) पिता किशोरसिंह राजपूत को गांव में शासकीय स्कूल के पास पकड़ा। तलाशी के दौरान आरोपी की जेब से 315 बोर का देशी कट्टा बरामद हुआ। जिसमें एक कारतूस भी लगा था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि रंगदारी दिखाने के लिए मैंने उक्त देशी कट्टा उसने एक माह पूर्व बादरी फन्टा स्थित यात्री प्रतीक्षालय के यहां एक ट्रक वाले से 10 हजार रुपए में खरीदा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 27, 27 आर्म्स एक्ट में केस दर्ज किया।

## 13-14 को बारिश के साथ आंधी तूफान का अंदेशा

**मंदसौर, 11 मई गुरु एक्सप्रेस।** पिछले तीन दिनों से जिले में कहीं बूंदाबांदी तो कहीं तेज बारिश हो रही है। दोपहर तक तेज गर्मी के बाद शाम के समय मौसम बदल जाता है। जिससे लोगों को राहत मिल जाती है। इस दौरान अधिकतम तापमान 42 डिग्री व न्यूनतम तापमान 26 डिग्री के आसपास बना हुआ है। अगले दो तीन दिन और ऐसा ही मौसम रहेगा। इस दौरान गरज चमक के साथ जिले में कहीं-कहीं बारिश की संभावना है। 30 से 40 किलोमीटर की रफ्तार से हवा चलेगी। मौसम विभाग ने 13-14 मई को बारिश के साथ आंधी-तूफान का अलर्ट जारी किया है।

मौसम विज्ञान केंद्र भोपाल की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि तीन वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के एक्टिव होने, साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम और हवा का रुख बदला होने की वजह से ऐसा मौसम है। प्रदेश के कुछ जिलों में बारिश का दौर चल रहा है। 14 मई तक मौसम बदला रहेगा। प्रदेश में आकाशीय बिजली गिरने का भी अनुमान है, इसलिए बादलों की गरज-चमक के दौरान लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है।

## देशी कट्टे के साथ युवक गिरफ्तार

**नारायणगढ़, 11 मई गुरु एक्सप्रेस।** थाना पुलिस ने मुखबीर सूचना पर एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक 315 बोर का देसी कट्टा और जिंदा राउंड बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ अवैध हथियार रखने के आरोप में प्रकरण दर्ज किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति देसी कट्टा लेकर घूम रहा है और किसी वारदात को अंजाम दे सकता है। मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने थाना क्षेत्र के तुरकिया गांव में शासकीय स्कूल के सामने से आरोपी रतन सिंह पिता किशोर सिंह सोंधिया राजपूत उम्र 40 साल निवासी तुरकिया को हिरासत में लिया। तलाशी लेने के दौरान आरोपी के कब्जे से 315 बोर का एक देसी कट्टा और जिंदा राउंड बरामद किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ 25, 27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपी अवैध हथियार कहां से लेकर आया था और इसका क्या करने वाला था, मामले में पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

## कार व बाइक भिड़ंत, 2 घायल

**पिपलियामंडी, 11 मई गुरु एक्सप्रेस।** कार व बाइक भिड़त में दो युवक घायल हो गए, जिन्हें मंदसौर जिला अस्पताल भर्ती कराया। हादसा शनिवार दोपहर



खात्याखेड़ी मार्ग पर हुआ। कार (आरजे 27 सीएफ 6584) की सामने से आ रही बाइक (आरजे 35 एसएच 7434) से भिड़त हो गई। भिड़त में कार के आगे का हिस्सा व बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बाइक सवार प्रतापगढ़ निवासी पवन (20) पिता भागीरथ मीणा व सेलारपुर (प्रतापगढ़) निवासी पिन्टू (28) पिता भवानीशंकर गंभीर रुप से घायल हो गए। सूचना पर ओल प्लाजा पैरामेडीकल टीम मौके पहुंची व दोनों घायलों को मंदसौर जिला अस्पताल पहुंचाया।



**निकला फ्लेग मार्च**-शहर कोतवाली ने नगर पुलिस अधीक्षक और फोर्स के साथ नगर के विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख मार्गो से फ्लेग मार्च निकाला

# चुनाव प्रचार के अंतिम दिन जावरा पहुंचे मुख्यमंत्री यादव

# गरोठ-सीतामऊ में दिग्विजयसिंह ने की कांग्रेस के लिए सभा



## प्रचार-प्रसार का शोर थमा, मतदान महोत्सव कल

**मंदसौर, 11 मई गुरु एक्सप्रेस।** आम चुनाव का चुनावी प्रचार-प्रसार का शोरगुल थम गया। अब सोमवार का दिन मतदान महोत्सव के रूप में मनेगा। जनता सांसद के साथ ही देश की सरकार चुनेंगी।

संसदीय क्षेत्र में दोनों दलों में से जहां कांग्रेस सिर्फ प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के भरोसे ही रही तो अंतिम दिन गरोठ-सीतामऊ में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह के रूप में आखिरी प्रयास भी किया। इधर भाजपा की बात करें तो पूर्व और वर्तमान सीएम मतलब शिवराजसिंह चौहान और मोहन यादव ने मिलकर लगभग पूरा संसदीय क्षेत्र ही छान मारा। शुक्रवार को शिवराजसिंह की सभा के बाद शनिवार को मोहन यादव रतलाम और मंदसौर संसदीय क्षेत्र के जावरा पहुंचे। यहां उन्होने रोड शो कर सभा को संबोधित किया। अपने दौरे के दौरान उन्होंने कहा कि भगवान राम के राजतिलक के बाद अब विजय तिलक की और बढ़ रहे है। कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेसी जिन्ना की बात करते है। चुनाव भारत में लड़ते है और पाकिस्तान की प्रंशसा करते है। ऐसे कांग्रेस के गद्दारों को प्रदेश व देश के लोग कभी माफ नहीं करेंगे। यह चुनाव भारत के भविष्य का है। यह चुनाव दुनिया की तीसरी अर्थव्यस्था बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प का चुनाव है। कांग्रेस की हालात यह है कि कांग्रेस प्रत्याशी मैदान छोड़कर भाग रहे है। आदमी उनका भागा, मैदान वह छोड़े तो हमें कहते है भाजपा वालों की गलती है। हम अपने बाल बच्चों को पाल पोस कर बड़े करते है तो वह घर छोड़कर भागे तो गलती मां बाप की है या दूसरों की होती है। सीएम ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल का नाम लिए बगैर कहा कि जमानत लेकर बाहर आने के बाद कहते है कि देश को तानाशाही से मुक्त करूंगा। डूब मरो भाई जमानत पर आए हो। जमानत पर जो-जो शर्ते लगी है कायदे से कोई दूसरा आदमी होता तो जैल से बाहर नहीं आता। यह सारे एक थाली के चट्टे बट्टे है।



### कलेक्टर ने जारी किए आदेश...

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर दिए है। 11 मई की शाम 6 बजे से मंदसौर जिले की सभी पांचो विधानसभा क्षेत्र में किसी भी सार्वजनिक जगह पर पांच व्यक्ति से अधिक व्यक्ति कहीं भी एकत्र नहीं होंगे। यह प्रतिबंध निर्वाचन में लगे अधिकारियों, कर्मचारियों तथा जिले में लगे सुरक्षा बलों के लिए प्रभावशील नहीं रहेगा। चुनाव पूर्व घर-घर जनसंपर्क में जा रहे राजनीतिक व्यक्तियों के लिए प्रभावशील रहेगा। शनिवार शाम 6 बजे बाद सभी प्रकार के राजनीतिक प्रचार या उससे जुड़े सदस्यों द्वारा लाउड स्पीकर के उपयोग पर प्रतिबंध रहेगा।

### बाहरी व्यक्ति को जिले से बाहर जाना होगा...

कोई भी राजनीतिक जुलूस या रैली या मिटिंग नहीं होगी। ऐसे सभी राजनीतिक पदाधिकारी, दल के सदस्य जो प्रचार के लिए मंदसौर जिले की किसी भी विधानसभा क्षेत्र में बाहर से आए हैं एवं जो उस विधानसभा क्षेत्र के मतदाता नहीं है। उन्हें तत्काल उस निर्वाचन क्षेत्र की सीमा से बाहर जाना होगा। संबंधित थाना प्रभारी ऐसे समस्त व्यक्तियों पर नजर रखेंगे। यह आदेश 13 मई की शाम 6 बजे तक वोटिंग समाप्ति तक प्रभावशील रहेंगे।





# भाजपा प्रत्याशी गुप्ता का जिला मुख्यालय मंदसौर पर जनसंपर्क

**मंदसौर, 11 मई गुरु एक्सप्रेस।** आज भारतीय जनता पार्टी लोकसभा क्षेत्र मंदसौर के प्रत्याशी सुधीर गुप्ता का दिनांक 11 मई शनिवार को जिला मुख्यालय मंदसौर के प्रमुख मार्गों पर भाजपा मंडल अध्यक्षगण अरविंद सारस्वत, अजय आसेरी के नेतृत्व में जनसंपर्क निकला। जनसंपर्क के दोरान गली-गली मोहल्लो में जनप्रतिनिधिगणों, भाजपा कार्यकर्ताओं, प्रबुद्धजनों द्वारा सांसद एंव भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया एंव नपाध्यक्ष रमा देवी गुर्जर का भव्य स्वागत कर 13 मई को भाजपा के पक्ष में मतदान करने का विश्वास दिलाया गया। जनसंपर्क प्रात: 08:30 बजे से महारानी लक्ष्मीबाई चौराहा से प्रारंभ होकर संजीत नाका, पाटील साहब के मकान, बंटी चौराहा, गुप्ता समोसा, मुनिम जी खिचडी, वी.एस. मिश्र की गली के यहा से तोमर साहब वकील, जैन मंदिर से बालागंज, नयापुरा से ठाकुर साहब बर्तन वाले, कोतवाली, घंटाघर, शुक्ला चौक से जनकुपूरा, बडा चौक, धानमंडी, सदर बाजार, जगतपुरा, खानपुरा मेनरोड से खानपुरा सत्संग भवन पर ढोल ढमाको के साथ पंहुचा। जनसंपर्क में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नेहा बग्गा, अनिल कियावत, डॉ.सुषमा आर्य, मुकेश काला, धीरज पाटीदार, विजय अठवाल, शिवराजसिंह राणा, जगदीश परमार, पारस मावर, हिम्मत डांगी, क्षितिज पुरोहित, तेजपालसिंह शक्तावत, प्रियंका गोस्वामी, राजेश पालीवाल, राजेश नामदेव, संजय मुरडिया, राजु चावला, राजकुमार गुप्ता, नरेन्द्र पाटीदार, प्रिति रोखले, रमादेवी गुर्जर, प्रितेश चावला, अंकित सोनी, निलेश जैन, निर्मला गुप्ता, सुनिल पटेल, शांतीलाल मालवीय, विजय सुराना, कपिल भंडारी, पुलकित पटवा, अरूण शर्मा, विनय दुबेला, पुरूषोत्तम चंदवानी, जितेश पंड्या, गौरव अग्रवाल, बंटी चौहान, अजीजुल्लाह खॉन, योगेश गुप्ता, राजाराम तंवर, नम्रता चावला, हर्ष पाटील, मयंक मावर, रॉकी यादव, नितिन ब्रिजवानी, अनिल कबाडी, भानुप्रताप सिसौदिया, सत्यनारायण भांभी, आशीष गौड, ईश्वरसिंह चौहान, राम कोटवानी, सुनिता भावसार, प्रर्मिला संजय गोयल, शाहिद मेव, पिंकी विनय दुबेला, रमेश ग्वाला, शांती दिनेश फरक्या, सुनिता गुजरिया, कोशल्या बंधवार, रेखा राजेश सोनी, खेरून बी शहजाद पटेल, दिपमाला रामेश्वर मकवाना, बब्बन युसूफ गौरी, माया निलमचन्द्र भावसार, भावना जयप्रकाश पमनानी, कमलेश सिसौदिया, प्रतिभा विक्रम भेरवे, गोरधनलाल कवंरलाल कुमावत, दिव्या अनुप माहेश्वरी, दिपक गाजवा, गरीमा भाटी, भारती पाटीदार, मंजु अनिल मालवीय, राजेश गुर्जर, सुनिल जैन, मुकेश खमेसरा, विनोद डगवार, महेन्द्र परिहार, अमन फरक्या, पुष्पेन्द्र भावसार, मुकेश गिरी गोस्वामी, ईश्वर चंदेल, विजय गुर्जर, दलपतसिंह डांगी, दिनेश जाट, बंशी राठौर, अजय रत्नावत, बाबा पंचोली, अंबालाल चौहान, पियुष जैन, अरूण भावसार, पिंकेश चौरडिया, नट्टू कुमावत, संजय जैन, राजेश चौहान, धर्मेन्द्र जटिया, राजेश बाडोलिया, नरेन्द्र पंवार, कमल कोठारी, निरांत बग्?गा, सुयश राठौर, रानु भावसार, अनिता दवे, पुष्पा चौहान, हर्ष तोषनीवाल, रितेश गुप्ता, रामरतन आटेला, हेमंत सोलंकी, वंदना भावसार, ओमशांती राजेश मंडवारिया, राजेश बोहरा, संजय पंवार, प्रेमलता मिण्डा, रामप्रसाद सुरा, दिलीप ग्वाला, देवेन्द्र सांखला, भोला दिवान, बलवंतसिंह, अरूण जैन, अशोक कर्नावट, भुपेन्द्र सांखला, संजय राठौर, नगेन्द्रसिंह चौहान, बादल शर्मा, नितिन कोठारी, भारतसिंह चौहान, बाबुलाल प्रजापत, योगेश जैन, सीमा जैन, विद्या कडोतिया, अर्चना गुप्ता, सहित भाजपा के कई जेष्ठ श्रेष्ट पदाधिकारीगण कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी लोकसभा मीडिया संयोजक एंव भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।

# कुचड़ोद में गायों के साथ हिन्दू संगठनों द्वारा छुड़ाये गये 50 बैलों की हो रही अच्छी सेवा



**मंदसौर, 11 मई गुरु एक्सप्रेस।** 28 अप्रैल को राजस्थान मेड़तासिटी बलदेव पशु मेला से 47 ट्रकों में भरे हुए हृष्ट पुष्ट तन्दुरूस्त मतवाले 596 बैलों को पिपल्यामंडी बही टोल नाके पर हिन्दू संगठन कार्यकर्ताओं द्वारा इन बैलों से भरे ट्रकों को पकड़ा गया और मतवाले 596 बैलों को पिपलियामंडी के समीप बही टोलनाके पर हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा इन बेलों से भरे ट्रकों को पकड़ा गया और पुलिस द्वारा 100 से अधिक आरोपियों को हिरासत में लिया गया। बैलों को जिले की विभिन्न गौशालाओं में रखा गया। सांवलिया गौशाला कुंचड़ौद की गौशाला में 50 बैलों को रखा गया।

पतंजलि योग संगठन जिला प्रभारी योग गुरू बंशीलाल टांक ने बताया कि इन सभी बैलों को गौशाला में लगभग 500 गौवंश के लिये जो 7 शेड बने हुए है उनमें से पृथक एक शेड में छुड़ाये गये 50 बैलों को रखा गया है। प्रत्येक शेड में गायों को खाने के लिये भूसा डालने की खेरे बनी हुई है और प्रत्येक शेड के बाहर परिसर में गौवंश के घुमने फिरने और पीने के पानी के लिये टेंक (होज) बने हुए है। गौशाला में चारा भूसा रखने के लिये जो 2 विशाल गोडाउन बने हुए है दोनों गोडाउन में पूरे वर्ष भर के लिये गेहूं-मैथी का पर्याप्त भूसा भरा हुआ है। भूसे के साथ ही गायों के साथ ही हाल ही में घुड़ाये गये सभी बैलों को भरपेट हरी-हरी घास (चरी) खिलाई जा रही है।

टांक ने बताया कि हिन्दू संगठन कार्यकर्ताओं द्वारा जिन बैलों को छुड़ाया गया है वे वास्तव में देखने लायक है। शरीर से इतने बड़े हृष्टपुष्ट मतवाले बैल जिन्हें देहाती भाषा में खूब लम्बे झम्भे कहा जाता है प्रथम बार देखने को मिले है। भगवान भोले पशुपतिनाथ के ये सभी नन्दीगण दर्शन करने योग्य है। गौशाला में दिनांक 28 अप्रैल को रात्रि को ट्रकों में जब इनको उतारा गया था तब एक ही स्थान के नहीं होने से आपस में लड़ने लगे थे परन्तु अब सभी पचासों नन्दी बड़े प्रेम से हिल मिलकर रहते है। पेट भर जाने पर एक दूसरे को चाटते है। शाम को जब परिसर में ये इधर से उधर घूमने लग जाते है तो बड़ा मनोरम दिव्य दृष्य इनकों देखकर नेत्रों को सुकुन प्राप्त होता है। कहने को तो जैसा मीडिया में छपा है आरोपियों द्वारा इन बैलों को म.प्र. के खण्डवा, खरगोन आदि स्थानों के अतिरिक्त म.प्र. की सीमा से लगे महाराष्ट्र के किसानों को खेती के लिये देने जा रहे थे परन्तु प्रश्न यहां यह है कि आज जहां सब तरफ बैलों की जगह ट्रेक्टर-ट्राली, थ्रेशर मशीनों ने ले ली है वहां अब बैलों की आवश्यकता कहां रही है। इससे सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि जैसा कि आये दिन राजस्थान आदि स्थानों से मध्यप्रदेश की सीमा से होकर महाराष्ट्र आदि में बड़े-बड़े बूचड़ खानों में आधुनिक बड़ी बड़ी मशीनों से प्रतिदिन हजारों की संख्या में गौवंश का कत्ल होकर टनों गौ मांस जहाजों में भरकर विदेशों में भेजा जा रहा है संभव है निश्चित ही 2- 4 नहीं 590 बैल भी कटने के लिये जा रहे हो जो जांच होने पर पता चलेगा।

जिन गौ भक्त कार्यकर्ताओं ने पुलिस की मदद से एक साथ इतने भूखे प्यासे ट्रकों में ठूसे गये बैलों को छुड़ाया है उन्होनें बड़े पुण्य का कार्य किया है। पुलिस सहित सभी साधुवाद के पात्र है। टांक ने सुझाव दिया है कि इन समस्त नंदी (बैलों) को किसानों को देने के बहाने वापस ले जाने वाले आरोपियों अथवा अन्य किसी को सौंपने के बदले अब गौशालाओं में ही रहने दिया जाना चाहिये। और गौ संवर्धन बोर्ड म.प्र. भोपाल के साथ ही गौभक्त दानदाताओं को भी आगे आकर अपनी सामर्थ्य अनुसार सहयोग कर गौवंश को बचाने में सहयोग करना चाहिये।

## अपना वोट अवश्य करें, डीजल पेट्रोल पर छूट पाए

**नीमच, 11 मई गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदाताओंको मतदान के लिए प्रेरित करने जाकरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत नीमच जिले के चार पेट्रोल पंपों के संचालकों ने मतदाताओं जो 13 मई 2024 को अपना वोट डालकर पेट्रोल, डीजल भरवानें आएगें उनकों रियायत/छूट प्रदान की जा रही है। पारसमणी पेट्रोलियम कनावटी नीमच द्वारा डीजल पर एक एवं पेट्रोल पर 2 रूपयें प्रति लीटर की छूट मतदाताओं को दी जाएगी, सुनील कुमार एण्ड कंपनी नीमच द्वारा पेट्रोल पर 2 रूपयें प्रति लीटर, ई अब्दुल एण्ड रसूल पेट्रोल पंप नीमच द्वारा पेट्रोल पर 3 रूपयें प्रति लीटर तथा रियल पेट्रोलियम रामपुरा द्वारा डीजल पर 2 एवं पेट्रोल पर 2 रूपयें प्रति लीटर की छूट, मतदान कर निशान दिखाने पर मतदाताओं को प्रदान की जावेगी। जिले के मतदाताओं से अपील है कि वे अपने मताधिकार का उपयोग कर पेट्रोल और डीजल पर छूट का लाभ उठाए।

# कलेक्टर ने किया मतदान दलों को सामग्री वितरण व्यवस्थाओं का निरीक्षण



**नीमच, 11 मई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने शनिवार को शासकीय पी.जी.कॉलेज नीमच में मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण एवं मतदान के पश्चात सामग्री वापस जमा करने के लिए विधानसभा क्षेत्र नीमच, जावद एवं मनासा के लिए स्थातपित किए गये सामग्री वितरण एवं जमा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर श्री जैन ने सामग्री वितरण स्थल पर विभिन्न स्थलों पर मतदान दलों के लिए पर्याप्त शीतल पेयजल केम्पर की व्यवस्था करने, सामग्री वितरण पर पार्किंग की पृथक-पृथक व्यवस्था करने, बेरिकेटिंग व्यवस्था, सामग्री वितरण एवं जमा करने के लिए सेक्टर व मतदान केंद्रवार लगाई गई टेबलों पर साईनेज के फ्लेक्स लगाने तथा मतदान दलों को सामग्री प्रदान करने के लिए पर्याप्त संख्या में मानव संसाधन की तैनात करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सामग्री वितरण स्थ्ल पर मतदान दलों के कर्मचारियों के लिए स्वल्पाहार व चाय के स्टाल लगवाने के निर्देश भी दिए। साथ ही प्राथमिक उपचार की व्यवस्था मय एम्बुलेन्स व चिकित्सा टीम के साथ करने एवं अस्थाई स्वास्थ्य ने केन्द्र स्थापित करने के भी निर्देश दिये। इस निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड, एसडीएम नीमच, जावद एवं मनासा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## विनर क्लब ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर मतदान करने का किया आव्हान



**मंदसौर, 11 मई गुरु एक्सप्रेस।** लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान हो इसके लिये विनर क्लब द्वारा निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को सारे काम छोड़ के सबसे पहले वोट दो एवं लोक्तंत्र हमसे वोट करेंगे गर्व से नारे के साथ विनर क्लब सदस्यों ने मतदान की शपथ ली।

विनर क्लब के संस्थापक अध्यक्ष ब्रजेश सेन मारोठिया लोकतंत्र की शक्ति बढ़ाने एवं देश में विकासवादी सोच की सरकार बनाने के लिये सभी मतदाता मतदान अवश्य करें। वोट डालना हमारा कर्तव्य है और अधिकार भी है। श्री मारोठिया ने कहा कि प्रत्येक मतदाता अपने मतदान केन्द्र पर पहुँचकर निर्भीक होकर मतदान कर भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभायें। उन्होंने कहा कि मतदाता ही समृद्ध भारत की समृद्ध लोकतांत्रिक परम्पराओं के संवाहक हैं। मतदाताओं की सक्रिय सहभागिता से ही हमारा लोकतंत्र समृद्ध बनता है। मतदान से लोकतांत्रिक परम्परा को अधिक समृद्ध बनाने, संवैधानिक कर्तव्य निभाने का एक और अवसर मिला है। इस अवसर पर क्लब के नटवर पारिख, सुभाष गुप्ता, संजय मंडोवरा, विजय गेहलोद, अनिल शिन्दे, शुभम मारोठिया, ब्रजेश सेन मारोठिया, पत्रकार नेमीचंद राठौर, सोनू जोशी आदि उपस्थित थे।

## नगर परिषद व महिला बाल विकास विभाग कार्यकर्ताओं ने कलश यात्रा के साथ रैली निकाली




**भानपुरा, 11 मई गुरु एक्सप्रेस।** शनिवार 11 मई को नगर के मुख्य मार्गो से सोमवार को चौथे चरण के अंतर्गत मंदसौर संसदीय क्षेत्र में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दिलीप कुमार यादव एवं उपखंड गरोठ चुनाव अधिकारी चंदर सिंह सोलंकी व तहसीलदार भानपुरा विनोद शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशफाक मोहम्मद खान के दिशा निर्देश में नगर परिषद भानपुरा तथा महिला व बाल विभाग कार्यकर्ताओं के द्वारा नगर भानपुरा के मतदाताओं को जागरूक किया गया एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि मतदान लोकतंत्र की मजबूती हेतु अत्यधिक आवश्यक है, स्वीप कार्यक्रम के तहत समस्त मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर 13 मई को प्रात: 7:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक अपना मतदान अवश्य करें। इस अवसर पर मतदान किए जाने हेतु उज्जैन संभागीय आयुक्त के संदेश का भी वाचन किया गया।

## पोरवाल युवा संगठन के स्थापना दिवस पर अस्पतालों में फल एवं बिस्किट वितरण

पिपलिया स्टेशन (निप्र)। 11 मई को पोरवाल युवा संगठन के 21 वर्ष पूर्ण कर 22 वें वर्ष मे प्रवेश करने पर पिपलिया नगर में पोरवाल समाज के युवाओं ने राजा टोडरमल चौराहे पर एकत्रित होकर प्रतिमा पर जयकारे के साथ माल्यार्पण किया। वहीं स्थानीय शासकीय व निजी चिकित्सालयों में मरीजों को फल एवं बिस्किट वितरित किये। इस अवसर पर युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविंद पोरवाल, कोषाध्यक्ष कवि मुकेश निडर, पूर्व नप अध्यक्ष चौथमल गुप्ता, राधेश्याम डबकरा, शांतिलाल मंत्री, कृष्णकुमार भूत, रामप्रसाद फरक्या, अनिल गुप्ता, श्रीराम धनोतिया, प्रकाश पोरवाल, राजेंद्र फरक्या, महेश उदिया, राजेंद्र सेठिया, विष्णु फरक्या, ओमप्रकाश भूत, श्याम गुप्ता, सत्यनारायण गुप्ता, दिलीप गुप्ता, दिनेश गुप्ता, राजेश धनोतिया, प्रकाश माँदलिया, लोकेश धनोतिया, गोविंद धनोतिया, दिलीप डबकरा, आशीष फरक्या, शैलेंद्र मुजावदिया, प्रज्वल चौधरी, सुनील धनोतिया, नगेंद्र फरक्या, महेंद्र घाटिया, कमलेश सेठिया, पिंकेश भूत, ओमप्रकाश गुप्ता, दिनेश फरक्या, रामेश्वर माँदलिया, अशोक गुप्ता, अक्षय गुप्ता, हरीश मुजावदिया, शुभम घाटिया, अभिषेक गुप्ता, प्रवीण फरक्या, संजय धनोतिया, कमल गुप्ता, कमलेश कामरिया, पुष्कर गुप्ता, अक्षित गुप्ता, अंकित धनोतिया सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।



## मारो वोट, मारो अधिकार, मारी सरकार

### मप्र बैंक एम्प्लाइज एसोसिएशन ने की शत प्रतिशत मतदान की अपील

**मंदसौर, 11 मई गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश बैंक एम्प्लाइज एसोसिएशन के संरक्षक महेश मिश्रा, प्रांतीय सहायक महासचिव गजेंद्र तिवारी, मंदसौर यूनिट अध्यक्ष रमेशचंद्र जैन, कार्यकारी सचिव सुरेन्द्र संघवी, कोषाध्यक्ष जिनेंद्र राठौर, संगठन सचिव एस.आर. शाष्ठ, संतोष गुर्जर, प्रज्ञा जैन, आशीष जोशी, मिथुन राठौर, सुनील जैन, मंगलेश राठौर, कन्हैयालाल पारुडंलिया, मुकेश कुमावत, वीरेंद्र भावसार, विजय देवड़ा, मनीष जैन, दीपक चंदेल, विपुल कच्छारा, मुकेश चंदवानी, प्रतिक ऐरन, रमेश देवड़ा आदि ने जिले के सभी बैंककर्मियों, एवं सेवानिवृत साथियो एवं समस्त मतदाताओं से सपरिवार 13 मई को शत प्रतिशत मतदान कर लोकतंत्र के इस महायज्ञ मे अपनी छोटी सी आहुति देकर लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने एवं अपने अधिकारों की रक्षा के लिए लोकप्रिय सरकार के गठन मे अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है।

# नीमच जिले में लोकसभा निर्वाचन की तैयारियां पूर्ण

### मतदान दलों को शा. पीजी कॉलेज नीमच से सामग्री का वितरण आज



**नीमच, 11 मई गुरु एक्सप्रेस।** नीमच जिले में लोकसभा निर्वाचन की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिले के सभी 743 मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण आज 12 मई को शासकीय पी.जी.कॉलेज मनासा रोड नीमच पर नीमच, जावद एवं मनासा के लिए स्थापित अलग-अलग सामग्री वितरण केंद्रों से किया जावेगा। सभी मतदान दलों को सामग्री वितरण के बाद निर्धारित जीपीएस युक्त वाहनों से मतदान केंद्रों पर पहुचाया जावेगा। मतदान 13 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। जिले में 71 सेक्टर आफीसर, 71 सेक्टर पुलिस आफिसर मय चिकित्सा दलों के साथ एवं रिर्जव मतदान दल के साथ मतदान के दिन अपने-अपने सेक्टर के सभी मतदान केंद्रों का सतत भ्रमण कर, स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, सुचारू मतदान व्यवस्था का जायजा लेंगे।

निर्वाचन कार्य में लगभग 8500 अधिकारी कर्मचारी एवं 2000 सुरक्षा जवान तैनात किए गए है। जिले के 445 मतदान केंद्रों पर बेवकास्टिंग की जा रही है। वेब कास्टिंग एवं वाहन की निगरानी के लिए वेबकास्टिंग कंट्रोल रूम एवं जिला स्तरीय जीपीएस निगरानी कंट्रोल रूम स्थाापित किया गया है। जिले में 50 आदर्श मतदान केंद्र, महिलाओं व्दारा संचालित 25 मतदान केंद्र, दिव्यांगों व्दारा संचालित तीन मतदान केंद्र, स्थापित किए जा रहे है। जिले में 291 क्रिटीकल मतदान केंद्र है। यह जानकारी कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने लोकसभा निर्वाचन तैयारियों के संबंध में शनिवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित पत्रकार वार्ता को सम्बोतधित करते हुए दी। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक श्री अंकित कुमार जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरुप्रसाद, एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव साहू, सहायक संचालक जनसंपर्क श्री जगदीश मालवीय एवं मास्टर ट्रेनर डॉ.राजेश पाटीदार उपस्थित थे।

बार्डर पोलिंग स्टेशन रूट संख्या, सेक्टर की संख्या, मतदाताओं की संख्या, श्रेणीवार मतदाताओं की संख्या, विभिन्न प्रकार के कंट्रोल रूम के नम्बंर, शतप्रतिशत एप, संवेदनशील मतदान केंद्रों की संख्या, विशेष मतदान केंद्र, सामग्री वितरण एवं प्राप्ति की व्यवस्था, वाहनों की आवश्यकता, 48 घंटे की एसओपी, वेबकास्टिंग एवं जीपीएस व्यवस्था, मतदान केंद्र में प्रवेश के हकदार व्यक्ति, अभ्यर्थियों के बूथ की स्थापना, स्ट्रा्ग रूम की निगरानी आदि बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। एसपी श्री अंकित जायसवाल ने पत्रकारों से चर्चा में बताया को लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत अब तक 5 करोड 48 लाख रूपये से अधिक मूल्य की सामग्री जप्त की गई है। जिले में 88 जिला बदर की कार्यवाही की गई। 62 आर्म्स एक्ट के प्रकरण कायम किए गए है। 13 किलो चांदी जप्त की गई है। निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने के लिए जिले में 2000 पुलिस अधिकारी एवं जवान तैनात किए जा रहे है। 71 सेक्टर पुलिस अधिकारी के अलावा झोनल पुलिस अधिकारी भी तैनात किए जा रहे है। कलेक्टर श्री दिनेश जैन एवं एसपी श्री जायसवाल ने 13 मई को जिले के सभी मतदाताओं को अपने मतदान केंद्र पहुंचकर, अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील भी की गई है।

# आदि गुरु शंकराचार्य का अद्वैतवाद आज भी समाज में भेदभाव समाप्त करने में उतना ही प्रासंगिक है जितना अतीत में था

**मंदसौर, 11 मई गुरु एक्सप्रेस।** भगवान शंकर के अवतार आदि शंकराचार्य जी के आदर्शों, विचारों और दर्शन का समाज पर गहरा प्रभाव पड़ा है और सद्भाव और एकता का माहौल बनाने के लिए उनके सिद्धांतों को आम लोगों तक फैलाना जरूरी है। उन्होंने प्राचीन भारतीय सनातन परंपरा के विकास और धर्म के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आदि शंकराचार्य की शिक्षाओं ने हिंदू सनातन संस्कृति के भीतर विभिन्न धर्मों और संप्रदायों के बीच एकता और सद्भाव को बढ़ावा दिया। अद्वैत वेदांत में उनके योगदान और भगवद गीता और उपनिषद जैसे महत्वपूर्ण ग्रंथों पर उनकी टिप्पणियों के लिए उनकी प्रशंसा की जाती है। हिंदू धर्म से अलग हुए संप्रदायों की चुनौतियों का सामना करते हुए सनातन धर्म को पुनर्जीवित और पुनर्स्थापित करने में आदि शंकराचार्य के प्रयास सराहनीय हैं। उनकी शिक्षाएं आज की दुनिया में भी प्रासंगिक और प्रेरणादायक बनी हुई हैं। हमें आपके सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाना है। जिससे समाज में समरसता एवं एकता का



वातावरण निश्चित रूप से बनेगा।

प्राचीन भारतीय सनातन परंपरा के विकास और धर्म के प्रचार-प्रसार में आदि शंकराचार्य का महान योगदान है। सनातन के सूर्य, अद्वैत वेदांत के प्रणेता सनातन संस्कृति को सूत्रबद्ध तथा शास्त्र मंथन के अमृत से वैदिक चेतना को जागृत करने वाले आदि गुरु शंकराचार्य जी अल्पायु में ही आपने अपने ज्ञान से पूरे भारत में सनातन संस्कृति के वैभव का प्रचार किया। आध्यात्मिक चेतना का संचार व चारों दिशाओं में अद्वैत वेदांत के प्रणेता, सनातन के सूर्य, अद्वैत वेदांत के प्रणेता अज्ञान के कारण आत्मा सीमित लगती है, लेकिन जब अज्ञान का अंधेरा मिट जाता है, तब आत्मा के वास्तविक स्वरुप का ज्ञान हो जाता है, जैसे बादलों के हट जाने पर सूर्य दिखाई देने लगता है। धर्मचक्रप्रवर्तक श्री आदि शंकराचार्य जी सम्पूर्ण भारत को एकता के सूत्र में बांधने के बाद विश्व मे एकता एकात्मता स्थायी रहे इसके लिये 4 मठ, 10 अखाडे और पंच देव पूजा प्रारंभ कराने वाले आदिशंकराचार्य जी भारत के एक महान दार्शनिक एवं धर्मप्रवर्तक थे। उन्होने अद्वैत वेदान्त को ठोस आधार प्रदान किया। भगवद्गीता, उपनिषदों और वेदांतसूत्रों पर लिखी हुई इनकी टीकाएँ बहुत प्रसिद्ध हैं- जिसमें प्रमुख ब्रह्मसूत्र पर ब्रह्मसूत्रभाष्य नामक भाष्य, ऐतरेय उपनिषद, वृहदारण्यक उपनिषद, ईश उपनिषद (शुक्ल यजुर्वेद), तैत्तरीय उपनिषद (कृष्ण यजुर्वेद), श्वेताश्वतर उपनिषद (कृष्ण यजुर्वेद), कठोपनिषद (कृष्ण यजुर्वेद), केनोपनिषद (सामवेद) है।

भगवान शिव की पूजा के अनेक स्तोत्र की रचनाएं आपने की। मनुष्य की दरिद्रता गरिबी को दुर करने वाला कनकधारा स्तोत्रम् आदि है।

हिन्दू धर्म से विखंडित हुए पंथ, सनातन धर्म को ही चुनौती देने लगे थे। ऐसे में आदि शंकराचार्य जी ने सनातन धर्म को पुनर्स्थापित करने का बहुत बड़ा कार्य किया था। भारत की महान आध्यात्मिक परम्परा के प्रतिनिधि, ब्रह्म और आत्मा के अद्वैत दर्शन के प्रणेता है जगद्गुरू आदि शंकराचार्य जी।

श्रुतिस्मृतिपुराणानाम् आलयं करुणालयम।
नमामि भगवत्पादं शङ्करं लोकशङ्करम॥

भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिकचेतना को एकता केसूत्र में पिरोने वाले शंकरो शंकर: साक्षात कलिकाल कलयुग में हिन्दू धर्म के पुन: द्वारक कालजयी, दिग्विजयी, सर्वज्ञ, शिव स्वरूप आपकी जंयती पर कोटि कोटिनमन।



**पं. रविन्द्र कुमार पाण्डेय**



## मातृ दिवस विशेष...

माँ बस माँ होती है
जन्म लेती जिस घड़ी
एक जान जमीन पर
पैदा उसी घड़ी
एक माँ भी होती है।
अलग पहचान है
दुनिया की
जो ना शब्दों से
बयां होती है।
नन्ही सी जान का
सारा जहान है
एक शब्द
माँ बस माँ होती है।

**नन्दकिशोर राठौर, मंदसौर**

